कार्यालय राहत आयुक्त उत्तर प्रदेश, लखनऊ
एफ ब्लॉक, छठा तल, बापू भवन, उ0प्र0 सचिवालय, लखनऊ

संख्या–236 /रा0आ0का0/2019–20

प्रेषक,

जी0 एस0 प्रियदर्शी,
राहत आयुक्त,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1–समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उ0प्र0 शासन।
2–समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।

राहत आयुक्त कार्यालय लखनऊः दिनॉकः 08 जुलाई, 2019

विषयः–राहत आयुक्त संगठन में सृजित पद पर तैनाती हेतु प्रस्ताव प्रेषित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर अवगत कराना है कि राजस्व अनुभाग–11 के शासनादेश संख्या–3687/1–11–2005–20/2004 टी0सी0–2, दिनॉक 07.03.2006 यथा संशोधित शासनादेश संख्या– 1397/1–11–2006–22/2006, दिनॉक 06.07.2006 तदनुसार शासनादेश सं0–132/1–11–2018–पि0न0–22/2006 द्वारा दिनॉक 28.02.2019 तक के लिये स्वीकृति प्रदान की गई थी जिसे निरन्तर जारी रखने हेतु राजस्व अनुभाग–11 के शासनादेश सं0–123/1–11–2019–पि0न0–22/2006, दिनॉक 05.07.2019 द्वारा आगामी 28.02.2020 तक के लिये पुनः स्वीकृति प्रदान की गई है। अतः उक्त के अनुसार पदों का विवरण निम्नवत हैः–

क0सं0	पद का नाम	सृजित पदों की संख्या	वेतनमान एवं अर्हतायें
1	परियोजना प्रबंधक	06	रु0 10,000–325–15,200
2	आशुलिपिक ग्रेड–2	01	रु0 4,000–100–8000 स्नातक तथा कम्प्यूटर का व्यवहारिक ज्ञान
3	ड्राइवर	02	रु0 3050–75–3950–80–4590
4	अनुसेवक	03	रु0 2550–55–2660–60–3200

2– उक्त सृजित पद पूर्णतः अस्थायी होंगे एवं इन्हें बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त किया जा सकता है।

3– उक्त पदों के धारकों को शासन द्वारा समय–समय पर निर्धारित महंगाई भत्ते एवं अन्य भत्ते अनुमन्य होंगे।

4– उक्त पदों पर नियुक्तियां सेवास्थानान्तरण/प्रतिनियुक्ति अथवा स्वायत्तशासी निकायों/निगमों/उपक्रमों के कर्मियों से संविदा/बॉडी शापिंग के आधार पर की जा सकेंगी।

अतः अनुरोध है कि उक्त पद पर तैनाती हेतु इच्छुक अधिकारियों/कर्मचारियों के आवेदन जिनमें उनका विस्तृत सेवा विवरण यथा पदनाम, वेतनमान, स्थाई/अस्थाई आदि का उल्लेख हो, अपनी संस्तुति के साथ सचिव एवं राहत आयुक्त, छठा तल, एफ ब्लॉक, बापू भवन, लखनऊ को विलम्बतम 31 जुलाई, 2019 तक प्रेषित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(जी0 एस0 प्रियदर्शी)
राहत आयुक्त, उ0प्र0।

फोन न0: 0522–2238200, 2237515 फैक्स न0: 2238084, 2236305 email: rahat@nic.in

कार्यालय राहत आयुक्त उत्तर प्रदेश, लखनऊ

एफ ब्लॉक, छठा तल, बापू भवन, उ0प्र0 सचिवालय, लखनऊ

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग को इस आशय के साथ प्रेषित कि वह इस विज्ञप्ति को समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
2. श्री प्रशान्त शाही, प्रोग्रामर को इस आशय के साथ प्रेषित कि वह इस विज्ञप्ति को राहत आयुक्त कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करें।

08.7.19

(सुभाष चन्द्र)
प्रशासनिक अधिकारी,
राहत आयुक्त कार्यालय।

फोन न0: 0522–2238200, 2237515 फैक्स न0: 2238084, 2236305 email: rahat@nic.in